एक नजर में

वासनाओं की गंदगी हटाए बिना भक्ति सार्थक नहीं

इंदौर . हम माला भी जपते हैं, मन्दिर भी जाते हैं और घंटों बैठकर भक्ति भी करते हैं लेकिन अंदर विषय वासनाओं की गंदगी भरी हुई है . यह गंदगी हटाए बिना हमारी भक्ति सार्थक नहीं हो सकती क्योंकि विषय वासनाएँ ही हमें परमात्मा और सत्संग से विमुख करती हैं . हमें अपना मन उस गोकुल की तरह बनाना पड़ेगा, जिसमें पूतना जैसी राक्षसी प्रवृतियां अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए . समाज की दुष्प्रवृतियों रूपी पूतना को उसी तरह बाहर निकालना पड़ेगा, जिस तरह भगवान ने निकाला था . ये विचार हैं श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने गुरुवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर भगवान की बाल लीलाओं, 56 भोग एवं गोवर्धन पूजा प्रसंगों के दौरान व्यक्त किए . कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विजय गोयल, सुरेन्द्र बंसल, गोपाल शर्मा, राजेश गर्ग, निरंजन गुप्ता, शिव जिंदल, आशीष गोयल आदि ने किया . विद्वान वक्ता की अगवानी अवनि-अनंत अग्रवाल, विनीता-अक्षत अग्रवाल, श्याम मोमबत्ती, चंचल अग्रवाल आदि ने की . संयोजक संजय मंगल ने बताया कि कथा 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 .30 से शाम 7 बजे तक होगी . गुरुवार को कथा में गोवर्धन पूजा और बाल ग्वालों का प्रसंग धूमधाम से मनाया गया . प्रमुख संयोजक संजय मंगल ने बताया कि कथा में छठे दिवस 29 मई को रुक्मणी विवाह एवं शनिवार 30 मई को समापन दिवस पर सुदामा चरित्र के पश्चात फूलों की होली खेली जाएगी।

कथा में धूमधाम से मनाया राम जन्मोत्सव

इंदौर . श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया . पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग, मंत्री सुशील अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं . सतीशचन्द्र शर्मा ने कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के चरित्र का गुणगान करते हुए अपने भजनों की गंगा से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध बनाए रखा . महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों से आटे की पंजेरी का प्रसाद एवं अन्य व्यंजनों का प्रसाद समर्पित किया गया . कथा संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग, उमेश मंगल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका पोद्दार, गणेश गोयल, संतोष गोयल, पत्रकार विमल गर्ग, गोपाल सीताराम अग्रवाल, राधेश्याम सेनी, सतीश मंगल, सुरेश मित्तल, गोविन्द मित्तल, गोविन्द सिंघल, मोहन अग्रवाल सुखलिया, हरगोविंद मित्तल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया . श्रीराम जन्मोत्सव के बाद भागवतजी की आरती में समूचे क्षेत्र के नागरिकों ने जयघोष के बीच अपनी भागीदारी दर्ज कराई . मंच का संचालन सुभाष अग्रवाल ने किया और आभार माना कल्याण अग्रवाल ने . कथा 1 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी . इस ज्ञान यज्ञ में मालवा मील क्षेत्र से जुड़ी क्षेत्र की 40 कॉलोनियों एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु भागीदार बन रहे हैं .

एनीमेशन और वीएफएक्स इंडस्ट्री में युवाओं के लिए अवसर

इंदौर . एक एरिना एनीमेशन ने भंवरकुआ क्षेत्र में अपने नए अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया . इस नए सेंटर का उद्घाटन सिका कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ . गुंजन शुक्ला द्वारा किया गया . इस अवसर पर एरिना एनीमेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं नेशनल सेल्स हेड शाजन सैमुअल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे . इस अवसर पर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शाजन सैमुअल ने कहा कि आज एनीमेशन और वीएफएक्स इंडस्ट्री युवाओं के लिए सबसे तेजी से बढ़ते करियर विकल्पों में से एक है . भारतीय कलाकार अब अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं . ऐसे में सही ट्रेनिंग और स्किल्स के माध्यम से छात्र देश और विदेश दोनों जगह शानदार करियर बना सकते हैं . भंवरकुआ सेंटर के डायरेक्टर एवं बिजनेस पार्टनर सूर्यकांत कौशल ने कहा कि आने वाले समय में एनीमेशन और डिजिटल कंटेंट इंडस्ट्री में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं . बच्चों और युवाओं का भविष्य अब केवल पारंपरिक करियर तक सीमित नहीं है, बल्कि क्रिएटिव फील्ड में भी उन्हें बड़े अवसर मिल रहे हैं . उन्होंने कहा कि फिल्मों, गेमिंग, कार्टून, विज्ञापन और डिजिटल मीडिया में एनीमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे यह क्षेत्र छात्रों के लिए एक मजबूत और सुरक्षित करियर विकल्प बन चुका है . हमारा उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपने सपनों को प्रोफेशनल करियर में बदल सकें . यह नया सेंटर एनीमेशन, ङ्कस्नङ्ग, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल कंटेंट और मल्टीमीडिया जैसे तेजी से बढ़ते क्रिएटिव सेक्टर में युवाओं को प्रोफेशनल ट्रेनिंग प्रदान करेगा .

फ्लो इंदौर ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया

इंदौर . अपने स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन कौशल पहल के तहत, फिक्की फ्लो इंदौर ने मुरलीधर कृपा नेत्र अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, मक्सी रोड, शाजापुर के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया . शिविर का संचालन फ्लो इंदौर की अध्यक्ष सुश्री वंदना गुजराती के नेतृत्व में किया गया और पूर्व अध्यक्ष सुश्री नेहा मित्तल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं . इस पहल का उद्देश्य शाजापुर जिले के मक्सी और आसपास के गांवों में रहने वाले वंचित समुदायों के लिए निवारक नेत्र देखभाल को बढ़ावा देना और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना था . शिविर समें 200 से अधिक लाभार्थियों ने मुरलीधर कृपा नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम द्वारा आयोजित व्यापक नेत्र जांच और परामर्श का लाभ उठाया . शिविर के अंतर्गत, लाभार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य और दृष्टि देखभाल पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया . इनमें कई लोगों के लिए किफायती चश्मे उपलब्ध कराए गए, जबकि मोतियाबिंद और अन्य गंभीर नेत्र रोगों से पीड़ित रोगियों को नि :शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी और अस्पताल के माध्यम से आगे के उपचार की सहायता प्रदान की गई . फ्लो इंदौर की अध्यक्षा वंदना गुजराती ने कहा अच्छी दृष्टि शिक्षा, आजीविका और जीवन की समग्र गुणवत्ता के लिए मूलभूत है . इस नेत्र जांच शिविर जैसी पहलों के माध्यम से, फ्लो इंदौर उन समुदायों तक निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है जिन्हें इनकी सबसे अधिक आवश्यकता है .

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

इंदौर . नीम करोली बाबा के इंदौर स्थित आश्रम में अवतरण दिवस पर आयोजित उत्सव में लायंस इंटरनेशनल क्लब द्वारा वेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था . शिविर संयोजक लायन दिनेश रणधर व रिंकी जयसिंघानी चुग ने बताया कि उत्सव में आए सैकड़ों भक्त जनों ने नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया . इस अवसर पर लायन पीडीजी एसपी नामदेव व लायन गायत्री गुप्ता व टीवी व थिएटर आर्टिस्ट सिनेतारीका सारिका दीक्षित उपस्थित थी . अश्रम के संचालक गणों ने लायंस क्लब के सदस्यों व मेदांता हॉस्पिटल की मनमीत कौर का आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया .

गूंजी अमन की दुआएं, हर्षोल्लास से मना ईद का त्योहार

नवभारत न्यूज

इंदौर. ईद-उल-फितर का पर्व इंदौर में हर्षोल्लास, शांति और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया. शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह मैदान में हजारों लोगों ने विशेष नमाज अदा की. मुख्य नमाज सदर बाजार स्थित ईदगाह मैदान में हुई, जहां शहर काजी इशरत अली ने नमाज अदा कर देश, शहर और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी.

इस अवसर पर शहर काजी ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी संदेश दिया. उन्होंने कहा कि शहर में हरियाली लगातार घट रही है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में पौधरोपण करें। उन्होंने जल संकट को देखते हुए पानी के संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने परिवारों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को लेकर भी जागरूक रहने की सलाह दी. शहर काजी ने अपने संबोधन में गोमाता के संरक्षण पर भी जोर देते हुए उसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने की बात कही, ताकि उसके संरक्षण और सुरक्षा को और अधिक मजबूती मिल सके. ईद के मौके पर सलवाड़िया परिवार की 50 वर्ष पुरानी परंपरा भी निभाई गई, जिसमें वे शहर काजी इशरत अली को उनके निवास राज मोहल्ला से ईदगाह मैदान तक शाही बग्घी में लेकर पहुंचे और नमाज के बाद पुन: सम्मानपूर्वक उनके निवास तक छोड़ा.

व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

ईद पर्व के दौरान इंदौर पुलिस ने शहरभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की . ईदगाह मैदान और प्रमुख मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा . संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई और लगातार गश्त की गई . ड्रोन कैमरों और पुलिस बल के समन्वय से पूरे शहर पर नजर रखी गई, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ .

गश्त के दौरान दो चाकूबाज गिरफ्तार

- दोनों पर पहले से हैं चोरी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस के केस दर्ज

इंदौर. लसुड़िया थाना क्षेत्र में ऑपरेशन क्लीन के तहत रात्रि गश्त और शेडो एरिया चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से अवैध धारदार चाकू बरामद हुए हैं. दोनों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

पुलिस उपायुक्त जोन 2 अमन सिंह राठौर ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह और एसीपी विजयनगर पराग सैनी के मार्गदर्शन में लसुड़िया पुलिस रात गश्त कर संदिग्धों की जांच कर रही थी, इस दौरान एफआरवी 16 और एफआरवी 18 के जवानों ने अरंडिया बायपास और आनंद वाटिका, महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों की तलाशी ली. इस दौरान अजय जाधव उम्र 18 साल निवासी बापू गांधी नगर और जतिन शिंदे उम्र 27 साल निवासी स्कीम नंबर 78 के पास से अलग-अलग धारदार चाकू बरामद किए. दोनों के खिलाफ लसुड़िया थाने में आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया. श्री राठौर ने बताया कि अजय जाधव पर हीरानगर थाने में चोरी का केस और लसुड़िया में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है, जबकि जतिन शिंदे के खिलाफ खजराना थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज है. पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

अवैध रूप से रखे गए 25 गैस सिलेंडर जब्त

- अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

इंदौर. अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत इंदौर में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रशासनिक टीम लगातार शहर में सुरक्षा मानकों की जांच कर रही है.

इसी क्रम में आज शहर के मध्य स्थित महाराजा कॉम्प्लेक्स में खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान एक दुकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भारी भंडारण पाया. जांच में सामने आया कि दुकान में सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी करते हुए करीब 25 गैस सिलेंडर रखे गए थे, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 25 गैस सिलेंडर जब्त कर लिए.

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उक्त दुकान किसके कब्जे में थी, क्योंकि यह दुकान अभी तक किसी को विधिवत आवंटित ही नहीं की गई है. चौंकाने वाली बात यह है कि नगर निगम अधिकारियों को भी अब तक यह जानकारी नहीं है कि दुकान पर किसने कब्जा किया था और यह कब्जा कब से किया गया है.

जारी रहेगी कार्रवाई

प्रशासन और नगर निगम दोनों ही स्तर पर अब इस पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है . साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि अवैध रूप से रखे गए सिलेंडरों का वास्तविक मालिक कौन है और दुकान पर कब्जा किसके द्वारा किया गया था . जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके .

दोस्त के साथ होटल गई छात्रा ने रची रेप की झूठी-कहानी

- देर होने के कारण घर वालों के डर से बनाई थी कहानी
- जांच में हुआ खुलासा : बॉयफ्रेंड अरेस्ट, होटल को किया सील

नव भारत न्यूज

इंदौर. गुरुवार को दर्ज एक नाबालिग छात्रा से रेप की एफआईआर जांच में झूठी निकली. छात्रा ने घर की डांट से बचने के लिए कहानी गढ़ी थी. हालांकि उसके दोस्त अंश सेन पर नाबालिग से यौन शोषण का मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है, वहीं विजयनगर स्थित होटल भी सील कर दिया. एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि 28 मई गुरुवार को इंदौर के देहात थाना क्षिप्रा से शून्य पर दर्ज एफआईआर जांच के लिए तिलक नगर थाने को मिली थी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तिलक नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि फरियादिया जिस कथित घटनास्थल राजग्राही कॉलोनी की बात कर रही थी, वहां वह पहुंची ही नहीं थी.

मनौवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ में छात्रा ने सच्चाई बता दी

छात्रा द्वारा बताई कहानी और सीसीटीवी फुटेज में अंतर होने पर तिलक नगर पुलिस और महिला अधिकारियों ने छात्रा से सहानुभूतिपूर्ण और मनौवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की, जिसमें छात्रा ने पूरी सच्चाई बता दी . उसने स्वीकार किया कि घर वालों की डांट से बचने के लिए उसने झूठी कहानी गढ़ी थी . जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंश सेन के खिलाफ नाबालिग से यौन शोषण का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है . वहीं घटना से जुड़े वैदिक विष्टा होटल को भी सील कर होटल मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया है .

खुद को चोट पहुंचाकर गढ़ी थी झूठी कहानी-पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि छात्रा बंगाली चौराहा स्थित अपनी कोचिंग से अपने दोस्त अंश सेन के साथ विजयनगर स्थित वैदिक विष्टा होटल गई थी, जहां दोनों करीब दो घंटे रुके, इसके बाद अंश सेन अपने घर चला गया. वहीं लड़की देर होने के कारण मांगलिया टोल होते हुए स्कूटर से क्षिप्रा पहुंची और सुनसान इलाके में खुद को चोट पहुंचाकर राहगीरों की मदद से थाना क्षिप्रा पहुंची. क्षिप्रा पुलिस ने उसकी बताई कहानी के आधार पर मामला दर्ज कर लिया.

श्रीराम कथा का पहला न्योता गणपति परिवार को

- आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मातृशक्ति प्रकोष्ठ करेगी आयोजन

इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आगामी 1 जून से विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से होने वाली श्रीराम कथा का पहला न्योता गुरुवार को विद्याधाम मंदिर स्थित गणपति परिवार, माँ पराम्बा एवं हनुमानजी को समर्पित किया गया. मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन 7 जून तक चलेगा. इस दौरान 3 जून को पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी का व्रत करने वाली 61 माताओं के व्रत का सामूहिक उद्यापन भी होगा.

इस सम्पूर्ण अनुष्ठान की मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा-अशोक शर्मा, यजमान और प्रकोष्ठ पदाधिकारी सरस्वती शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा, शशि शर्मा, कीर्ति जोशी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, हेमा शर्मा, प्रीति शर्मा, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, पूर्णिमा शर्मा एवं भारती शर्मा ने गणपति पूजन में शामिल होकर सभी देवी-देवताओं से श्रीराम कथा में पधारने की प्रार्थना की. न्यास के पं. दिनेश शर्मा, राजकिशोर शर्मा, डॉ. लोकेश जोशी, महेश शर्मा, अजय व्यास, विनय शर्मा, गौरव शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, उपेन्द्र शर्मा एवं अतुल शर्मा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि विद्याधाम मंदिर पर गणपति परिवार का अनूठा मंदिर स्थापित है जहाँ गणेशजी की पांचों पत्नियाँ रिद्धि, सिद्धि, तुष्टि, पुष्टि और श्री, दो पुत्र शुभ और लाभ और दो पोतों अमोद और प्रमोद सहित विराजमान हैं. यह शहर का एकमात्र ऐसा गणेश मंदिर है जहाँ गणपति बप्पा अपने पूरे परिवार सहित विराजमान हैं।

मातृशक्ति प्रकोष्ठ की भारती शर्मा एवं पिंकी शर्मा ने बताया कि श्रीराम कथा का आयोजन 1 से 7 जून तक पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में किया जा रहा है जिसमें आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री अपने मुखारबिंद से श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेंगे।

पहले लोग जंगल में शिकार करते थे अब जंगलों का ही शिकार करने लगे

इन्दौर. मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के समसामयिक अध्ययन केंद्र द्वारा आसमान से बरसती आग: धरती की चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया.

विषय प्रवर्तन करते हुए केंद्र की मंत्री डॉ. मीनाक्षी स्वामी ने कहा कि आज आसमान से जो आग बरस रही है, उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं. मगर हम एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं.झ इसे सुधारने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे. विषय पर पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् डॉ. शंकरलाल गर्ग ने अपने सारभूत उद्बोधन में कहा कि मनुष्य अपने विकास की राह पर इस प्रकार से चला कि रोटी, कपड़ा, मकान की पूर्ति के बाद वह लालची हो गया और उसने प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना शुरु कर दिया. सूर्य पृथ्वी से 14 लाख किलोमीटर दूर है और 3 लाख पृथ्वी के बराबर है, फिर भी उसकी आग को इस जमीन पर पेड़-पौधे सहन कर लेते रहे, लेकिन मनुष्य ने अपने लालच में पेड़ों को नहीं काटा, बल्कि पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाता रहा, पहले लोग जंगल में शिकार करते थे अब जंगलों का ही शिकार करने लगे. स्वागत भाषण प्रचार मंत्री हरेराम बाजपेयी ने दिया, अतिथि परिचय शिक्षा व परीक्षा मंत्री उमेश पारेख ने. अतिथि स्वागत प्रकाशन मंत्री अनिल भोजे ने किया तथा स्मृति चिन्ह ने प्रदान किया. आभार माना अर्थ मंत्री राजेश शर्मा ने। कार्यक्रम में अभ्यास मण्डल के डॉ. रामेश्वर गुप्ता के अलावा पर्यावरणविद् डॉ. ओ.पी. जोशी, डॉ. बाघेला, प्रणीता दीक्षित, डॉ. गिरिशमा त्रिवेदी, किशोर यादव, अनिता नाईक, प्रकाश गर्ग, नितेन्द्र मानव आदि काफी संख्या में शहर के पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे.

राम कथा आदर्शों और संस्कारों को जीवन में उतारने के लिए भी

इंदौर. राम कथा उस गंगा की तरह है, जो 88 हजार बरसों से भारतीय समाज को भक्ति, मर्यादा और संस्कृति की त्रिवेणी में स्नान कराते आ रही है. गंगोत्री से निकली गंगा भले ही मैली हो गई हो, हमारे तुलसी की गंगा तो आज भी निर्मल और पावन बनी हुई है. राम कथा केवल 3 घंटे बैठकर श्रवण करने के लिए ही नहीं है, राम परिवार के आदर्शों और संस्कारों को अपने जीवन में उतारने के लिए भी है.

ये विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के, जो उन्होंने हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर चल रही राम कथा में भरत मिलाप एवं वनवास काल के अन्य प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. आज भी वृन्दावन से आए भजन गायकों एवं संगीतज्ञों की प्रस्तुतियों ने हजारो भक्तों को थिरकाए रखा. कथा शुभारंभ के पूर्व आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में न्यायमूर्ति एस के गुप्ता, न्यायाधीश अतुल सराफ, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, गोपाल गोयल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, ललित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी विजय सिंह राणा, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गुमान सिंह ठाकुर आदि ने की. हरिधाम पर सुबह 8 से दोपहर 1.30 बजे तक हनुमत महायज्ञ और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीराम कथा में भक्तों का सैलाब निरंतर बना हुआ है.

एक नजर में | अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद के नए पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह सम्पन्न

समाज को नया स्वरुप देकर जरुरतमंदों तक पहुंचने का प्रयास करें

इंदौर. समाजसेवा के क्षेत्र में युवा नेतृत्व को आगे आकर सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ काम करने की जरुरत है। बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा के समन्वय से हम समाज को नया स्वरुप देकर हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचने का प्रयास करें, यही वास्तविक समाजसेवा होगी.

ये विचार हैं महापौर पुष्यमित्र भार्गव, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक स्वप्निल गर्ग के, जो उन्होंने अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल स्टेशनरी एवं सचिव आशीष गर्ग तथा अन्य पदाधिकारियों के शपथ विधि समारोह में अतिथि के रूप में व्यक्त किए. संयोजक अशोक-उषा मित्तल एवं अनिल-मंजू गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. बायपास स्थित एक रिसोर्ट पर आयोजित इस गरिमापूर्ण समारोह में अतिथियों ने सुरेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, राजेंद्र गोयल समाधान उपाध्यक्ष एवं निशा आलोक बंसल महिला उपाध्यक्ष एवं रुपेश गर्ग सह सचिव को भी पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल ने समाजसेवा की शपथ दिलाई. इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्यों में पुरुष वर्ग से प्रतीक गोयल, आशीष अग्रवाल, राजेश सिंघल, अतुल गोयल, रत्नेश गोयल, आशीष गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल जिंसी एवं अमित गोयल तथा महिला वर्ग से श्रीमती सपना रितेश बंसल, शिखा आशय गर्ग, शीतल नितीश सिंघल एवं विजया विवेक बंसल ने भी शपथ ग्रहण की.

भावी योजनाओं का ब्यौरा दिया

नए अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने भावी योजनाओं का ब्यौरा दिया . अतिथियों का स्वागत गोपाल बंसल, मुकेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, अशोक बूबना, राजकुमार अग्रवाल, सभी पूर्व अध्यक्षों एवं निवृतमान पदाधिकारियों ने किया . अंत में सचिव आशीष गर्ग ने आभार माना . समारोह में विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे .